## रिम्स में पूर्व निदेशक के रिश्तेदार से हुई बदसलूकी, निदेशक बोले- कार्रवाई होगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रिम्स में जूनियर डॉक्टरों की गुंडागर्दी का एक और मामला रविवार को सामने आया। ट्रॉमा सेंटर में इलाज के लिए पहुंचे रामगढ़ के सांड़ी निवासी 35 वर्षीय मरीज के परिजन ने डॉक्टरों पर आरोप लगाते हुए कहा कि इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों ने उनके साथ बदसलूकी की। ड्यूटी में तैनात जूनियर डॉक्टर पंकज पर मरीज के परिजनों को गालियां देने का आरोप है। डॉक्टर ने मरीज के इलाज संबंधित कागजात जमीन पर फेंक दिए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मरीज को लेकर परिजन ट्रॉमा सेंटर में इलाज के लिए पहुंचे थे। डॉक्टर ने पर्ची में कुछ दवाएं और जांच लिखी। परिजन को समझ में नही आया तो वे दोबारा उक्त चिकित्सक के पास पूछने पहुंचे कि कौन-कौन सी दवाएं लेनी है? इतने में ही चिकित्सक झल्ला गए और मरीज के परिजन के हाथ से इलाज की पर्ची छीनकर जमीन में फेंक दिया।

**परिजन निकले पूर्व निदेशक डॉ. कामेश्वर प्रसाद के रिश्तेदार :** इलाज के लिए पहुंचे परिजन रिम्स के पूर्व निदेशक पद्मश्री डॉ. कामेश्वर प्रसाद के रिश्तेदार निकले। उन्हें बताया भी कि वे पूर्व निदेशक डॉ. कामेश्वर प्रसाद के रिश्तेदार हैं बावजूद डॉ. पंकज ने उन्हें गालियां दी। कहा कि कहीं से भी पैरवी लेकर इलाज के लिए पहुंच जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान निदेशक डॉ. राजीव गुप्ता ने भेजा है। इसके बाद भी डॉ. पंकज ने कहा कि मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता।

इधर, मामले पर रिम्स निदेशक डॉ. राजीव गुप्ता ने कहा कि मुझे इसकी जानकारी मिली है। अगर चिकित्सक द्वारा बदसलूकी की गई है तो इसकी जांच के बाद निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी।

### रांची रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास को लेकर एजेंसी ने दिया प्रेजेंटेशन

# 2500 लोगों के बैठने सहित अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा रांची स्टेशन

**संजय सेठ ने कहा : मल्टी लेवल पार्किंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों को लेकर रविवार को कार्यकारी एजेंसी ने प्रेजेंटेशन दिया। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, मंडल रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा, सीएनआर डीसीएम निशांत कुमार सहित अन्य रेलवे अधिकारी व प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे। इस दौरान बताया गया कि मूल रूप से रेलवे स्टेशन का पूरा विकास दो क्षेत्र में बांटकर किया जाना है। नॉर्थ और साउथ एरिया को लेकर स्टेशन का पुनर्विकास होगा। प्रथम चरण में साउथ एरिया का कार्य चल रहा है। इसके पूर्ण होने के बाद ही नॉर्थ एरिया का काम शुरू किया जाएगा। यह कार्य 2025 मई तक पूर्ण होना है। साउथ एरिया का कार्य जून 2024 तक पूर्ण होने की जानकारी दी गई। बताया गया कि पहले साउथ एरिया का विकास किया जाएगा। इसके बाद नॉर्थ एरिया को इधर शिफ्ट करके, फिर नॉर्थ एरिया का विकास होगा। पुराने भवन को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया जायेगा। नया स्टेशन दो मंजिला होगा, जिसमें प्लाजा एरिया, ड्रॉप पिकअप सेंटर, पर्याप्त कमर्शियल स्पेस, दोनों तरफ 100 कमरों के रिटायरिंग रूम, लगभग 2500 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। इसके अलावा छोटे बच्चों के लिए प्लेयिंग एरिया और महिलाओं के लिए फीडिंग एरिया भी बनाया जाना है। इसके अतिरिक्त पर्याप्त पार्किंग के साथ ही दोनों क्षेत्रों में फर्स्ट एड की सुविधा भी होगी। नया रेलवे स्टेशन की 30 प्रतिशत बिजली का उपयोग सौर ऊर्जा से किया जायेगा। इसके साथ ही 17 लिफ्ट और 19 एस्केलेटर भी लगाये जायेंगे। इस दौरान सांसद श्री सेठ ने कहा कि साउथ एरिया के कार्य को मार्च 2024 तक करने का प्रयास करें। साथ ही स्टेशन परिसर में ही भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा और स्टेशन के बगल स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण किया जाये। गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए हर कार्य की वीडियोग्राफी करने का भी निर्देश दिया। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि स्टेशन के नॉर्थ और साउथ दोनों एरिया में पुलिस पोस्ट हो। मौके पर रेलवे के अधिकारी और अन्य उपस्थित थे।

## घरों से निकलने वाले कचरे को अलग करेगा नगर निगम, रिसाइकल करने की भी तैयारी

**12 स्थानों पर खुलेगा मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर, पांच सितंबर को टेंडर**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी को साफ-सुथरा बनाने को लेकर रांची नगर निगम रेस हो गया है। घरों से निकलने वाले सूखा कचरा को अलग करने की कवायद तेज कर दी गई है। इसके तहत शहर में 12 स्थानों पर मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर खोले जाएंगे, जहां पर कचरे को अलग-अलग किया जाएगा। वहीं, रिसाइक्लिंग वाले कचरे को रिसाइकल करके उसका फिर से इस्तेमाल किया जा सकेगा। इसे लेकर नगर निगम ने टेंडर निकाल दिया है।

**कल खुलेगा टेंडर :** पांच सितंबर को कंपनी चयन के लिए टेंडर खुलेगा। इसमें चयनित कंपनी को शहर के सभी जोन में रिकवरी सेंटर खोलने होंगे और उसका ऑपरेशन व मेंटनेंस करना होगा। सेंटर बनाने में करीब 7 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इन सेंटरों में घरों से कलेक्ट किए जाने वाले कचरा को लाकर उससे सूखा कचरा अलग किया जाएगा। अलग किए गए कचरा में जो कबाड़ी में बिक्री योग्य होंगे उसे बेचा जाएगा। वहीं जो बिकने के योग्य नहीं होंगे, उसकी री-साइक्लिंग की जाएगी।

**गीला-सूखा कचरा अलग रखना होगा :** स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंक लाने के लिए कचरा को रिसाइकल करना अनिवार्य है। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत रांची में गीला-सूखा कचरा अलग करने की योजना तैयार हो रही है। अक्टूबर से राजधानी के लोगों को घरों में गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखना होगा। तभी नगर निगम घर से कचरा उठाएगा।

### रांची में 7 सितंबर को मनायी जायेगी भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ

रांची। पूरे देश में 7 सितंबर को भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ मनाई जाएगी। इस अवसर पर झारखंड की राजधानी रांची के डोरंडा अम्बेडकर चौक पर कांग्रेस पार्टी भारत जोड़ो यात्रा निकालेगी। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता (निलंबित) आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने दी। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर देशभर के सभी जिलों में भारत जोड़ो यात्रा आयोजित की जाएगी। रांची में डोरंडा भीम राव अम्बेडकर चौक पर भारत जोड़ो यात्रा निकाली जाएगी।

## 2.22 करोड़ की लागत से रांची में बनेंगे चार हेल्थ सेंटर, विभाग की मिली मंजूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची समेत राज्य भर में स्वास्थ्य व्यवस्था को पटरी पर लाने को लेकर विभाग रेस है। एक तरफ जहां सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है वहीं, नए हेल्थ सेंटर का भी निर्माण कराया जा रहा है ताकि मरीजों को बीमारी का इलाज कराने के लिए दूसरे जिलों की दौड़ न लगानी पड़े। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग ने चार हेल्थ सब सेंटर खोलने की मंजूरी दे दी है। वहीं इसके लिए 2 करोड़ 22 लाख रुपए की स्वीकृति भी प्रदान कर दी है।

इतना ही नहीं, भवन के निर्माण के लिए टेंडर भी जारी कर दिया गया है।

**6 महीने में निर्माण करना होगा पूरा**

भवन के निर्माण को लेकर जिला परिषद की इंजीनियरिंग शाखा की ओर से टेंडर जारी कर दिया गया है। टेंडर फाइनल होने के बाद 6 महीने में भवन निर्माण का कार्य पूरा करना होगा। इसके साथ ही भवन में इलाज की सारी सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएंगी। इक्विपमेंट्स से लेकर दवाएं भी मरीजों को उसी सेंटर में मिलेंगी।

कहां-कहां बनेगा सेंटर : जसपुर (अनगड़ा), जीदू (कांके), आराडीह (बुंडू) और हजाम (सिल्ली) में बनेगा हेल्थ सेंटर।

### भाकपा नेता सुभाष मुंडा की हत्या की सुपारी देनेवाला धराया

**रांची।** रांची पुलिस ने माकपा नेता सुभाष मुंडा हत्याकांड में सुपारी देनेवाला बबलू पासवान को गिरफ्तार कर लिया है। रांची के एसएसपी किशोर कौशल की गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे ओड़िशा के पास से गिरफ्तार किया है। बबलू पासवान को पुलिस रांची ला रही है। गौरतलब हो कि पुलिस ने पूर्व में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मालूम हो कि सुभाष मुंडा का छोटू खलखो के साथ जमीन का विवाद चल रहा था।

## धूमधाम से होगा रावण दहन कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** पंजाबी हिंदू बिरादरी धूमधाम से रावण दहन कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई हैं। ये जानकारी रविवार को बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल ने दी। उन्होंने जानकारी दी कि सेंट जेवियर्स कॉलेज के प्रोफेसर कमल बोस और सहयोगी मनमोहक और आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। बैठक में अरुण चावला ने बताया कि लाला लाजपत राय सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमैन कुणाल अजमानी ने स्कूल में शिक्षा को बेहतर करने के लिए वे प्रयत्नशील हैं। उन्होंने तिलक राज अजमानी फाउंडेशन की ओर से बिरादरी को 5 लाख का सहयोग देने का आश्वासन दिया और कहा कि बिरादरी इस राशि को अपने सेवा के किसी भी कार्य में खर्च कर सकती है। बैठक में बिरादरी के पूर्व अध्यक्ष गुलशन लाल अजमानी के सुपुत्र देवेश अजमानी को बिरादरी युवा मंच का संयोजक मनोनीत किया गया।

महासचिव राजेश मेहरा ने बताया कि बिरादरी वैवाहिक परिचय के लिए वेबसाइट को अपडेट किया गया है और इसके लिए एक वॉट्सएप समूह भी बनाया गया है। जिसमें देश भर से बड़ी संख्या में पंजाबी समाज के वैवाहिक परिचय सम्मेलन के प्रभारी या अध्यक्ष को इसमें शामिल किया गया है। बैठक में 18 नए सदस्यों ने बिरादरी की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में अध्यक्ष सुधीर उग्गल, राजेश मेहरा, रणदीप आनंद, चरणजीत मुंजाल, विनोद माकन, अरुण चावला, रवि पराशर, देवेश अजमानी, प्रदीप खन्ना, हरगोविंद गिरधर, मदन सेन कुजारा, आरके जुल्का, आशीष भाटिया, अनुप वाधवा, अंचल किंगर, दीपक खोसला, मुकेश चौहान, विकास चावला, अमिताभ कत्याल, प्रवीण मग्गो, अनिल वर्मा, शिव कुमार स्याल, रंजीत छाबड़ा, आदित्य मल्होत्रा, धीरज तनेजा सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

### शिया समुदाय का मातमी जुलूस 7 सितंबर को

**रांची।** चेहल्लुम जुलूस निकलने को लेकर मेन रोड स्थित अनवर आर्केड में रविवार को बैठक हुई। अध्यक्षता अंजुमन जाफरिया के संरक्षक सैयद निहाल हुसैन सरियावी ने की। बैठक में कहा गया कि 7 सितंबर को विश्वकर्मा मंदिर के निकट अनवर आर्केड सभागार से शिया समुदाय के चेहल्लुम के उपलक्ष में मातमी जुलूस निकाला जाएगा। यह मेन रोड, अंजुमन प्लाजा, उर्दू लाइब्रेरी, डेली मार्केट, टैक्सी स्टैंड से गुजरकर काली मंदिर के बगल वाली गली से होते हुए चर्च रोड, महावीर मंदिर चौक होते हुए विक्रांत चौक, कर्बला चौक स्थित कर्बला में नियाज फातिहा के बाद समापन होगा। यह भी निर्णय लिया गया कि जुलूस के क्रम में जुलूस में शामिल सर्वधर्म लोगों का स्वागत किया जाएगा। बैठक में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी विनय कुमार और लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद कुमार, डेली मार्केट थाना प्रभारी मधुसूदन के साथ-साथ सद्भावना समिति रांची के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम, श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष जय सिंह यादव, सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के महासचिव अकीलुर रहमान, सिख समुदाय के गुरविंदर सिंह वीर, वार्ड पार्षद डॉक्टर साजदा खातून उपस्थित णमान्य लोग उपस्थित थे।

## झारखंड के आठ जिलों में बनेगा साइबर थाना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के आठ जिलों में साइबर क्राइम थाना का गठन होगा। बोकारो, रामगढ़, चाईबासा, रांची, लातेहार, हजारीबाग, दुमका और सरायकेला जिला में थाना बनेगा। इससे पूर्व जामताड़ा, देवघर, गिरिडीह, धनबाद, जमशेदपुर और पलामू में साइबर क्राइम थाना कार्यरत हैं। गौरतलब हो कि राज्य में आर्थिक अपराध के बढ़ते मामले को देखते हुए झारखंड पुलिस मुख्यालय ने गृह विभाग को अन्य जिलों में भी साइबर थानों के सृजन का प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने स्वीकृति दे दी है।

**अनुसंधानकर्ता के तौर पर जिम्मेदारी सौंपने का अधिकार एसपी को होगा :** जिला में उपलब्ध पुलिस इंस्पेक्टरों को साइबर थाना में प्रतिनियुक्त, पदस्थापन और अतिरिक्त अनुसंधानकर्ता के तौर पर जिम्मेदारी देने का अधिकार जिलों के एसपी को होगा। जिलों के एसपी को अधिकार होगा कि यदि आईटी एक्ट में दर्ज केस में आवश्यकता हो तो वह इसका अनुसंधान एसआई रैंक के पुलिस पदाधिकारी को भी दे सकते हैं, लेकिन इसके लिए जिलों के एसपी को डीजीपी से अनुमति लेकर इंस्पेक्टर रैंक में पेपर प्रमोशन दिया जाएगा। प्रस्ताव में यह जिक्र है कि पेपर प्रमोशन लेकर जो दारोगा इंस्पेक्टर बनेंगे उनकी प्रोन्नति अस्थायी होगी। इसके अतिरिक्त उन्हें कोई अतिरिक्त वित्तीय लाभ देय नहीं होगा. साथ ही दारोगा रैंक के अधिकारियों की वरीयता सूची में कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## एनडीए में 70 और सीडीएस की परीक्षा में 50 फीसदी उपस्थिति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** यूपीएससी की ओर से रांची के 29 केंद्रों में रविवार को एनडीए और सीडीएस की परीक्षा हुई। एनडीए की परीक्षा के लिए 9122 अभ्यर्थी का पंजीयन था। इसमें से लगभग 70 फीसदी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं, सीडीएस परीक्षा के लिए 3300 से अधिक अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसमें 50 प्रतिशत परीक्षा देने के लिए पहुंचे।

सीडीएस की परीक्षा पहली पाली में सुबह 9 से 11:00 बजे तक, दूसरी पाली में दोपहर 12 से दो बजे तक और तीसरी पाली में दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक हुई। एनडीए और नौसेना अकादमी परीक्षा की पहली पाली सुबह 10 से 12 बजे और दूसरी पाली में दोपहर 2 से 4:30 बजे तक हुई।

अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में परीक्षा से दो घंटे पहले ही पहुंचने का निर्देश दिया गया था।

## शशिबाला सिंह अध्यक्ष और अर्चना बनीं सचिव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रिम्स के ट्रॉमा सेंटर में रविवार को रांची ओब्स्टेट्रिक और गैनेकोलॉजिकल सोसायटी की ओर से 22वें वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया था। डॉ. एम सी पटेल, अहमदाबाद से मुख्य अतिथि के रूप में और मुंबई से डॉ. प्रिया गणेश कुमार आमंत्रित थीं। मौके पर कार्यशाला हुई जिसमें सर्वाइकल कैंसर की पहचान और उपचार को बताया गया। इस दौरान 2023-2025 के लिए चुनी गई नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने दायित्व ग्रहण किया, जिसमें डॉ. शशिबाला सिंह ने नयी अध्यक्ष के रूप में और डॉ. अर्चना कुमारी को नयी सचिव के रूप में पदभार लिया। डॉ. सुमन सिन्हा, ओब्स्टेट्रिक और गायनी-कोलॉजिकल सोसायटी की अध्यक्ष, वैजिनल सर्जरी कमेटी, एफओजीएसआई की चेयरपर्सन चुनी गयी हैं। मौके पर डॉ. किरण त्रिवेदी, डॉ. उषा नाथ, डॉ. रेणुका सिन्हा, डॉ. प्रितिबाला सहाय, डॉ. माया वर्मा, डॉ. गीता सिन्हा मानकी, डॉ. ब्रतती मोइत्रा, डॉ. सुनीता झा, डॉ. अंजना झा, डॉ. निर्मला सिंह, डॉ. रीना गोडसरा, डॉ. अनुभा विद्यार्थी, डॉ. कुमकुम विद्यार्थी , डॉ. रश्मि सिंह भी मौजूद थीं।

### 138 में 136 वोटरों ने किया मतदान,16 पद के लिए 39 उम्मीदवार थे मैदान में

# रिसालदार बाबा दरगाह कमेटी के अध्यक्ष बने अयूब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा दरगाह कमेटी का चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष अयूब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर निर्वाचित हुए। वहीं उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन और बिलाल अहमद निर्वाचित हुए। इनके अलावा उप सचिव में मोहम्मद सदीक और जुल्फिकार अली भुट्टो निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष जैनुल आबिदीन उर्फ राज गद्दी निर्वाचित हुए। वहीं कार्यकारिणी में सरफराज गद्दी, आफताब आलम, अनीश गद्दी, नज्जू अंसारी, आसिफ नईम, साजिद उमर, शहजाद बबलू, अब्दुल खालिक, और एजाज गद्दी शामिल है।

इस चुनाव में 138 वोटर में 136 मतदान हुए। 16 पद के लिए 39 उम्मीदवार मैदान में थे। इस चुनाव में दो टीम आमने-सामने थी। टीम कुतुब और टीम खिदमत। टीम खिदमत के लगभग सभी उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। जीतने वाले टीम को मुबारकबाद देने वालों में अमन यूथ सोसाइटी के सरपरस्त मो असलम, सचिव नदीम इकबाल, सलाउद्दीन संजू ,आजम अहमद, मोहम्मद रब्बानी, अयूब राजा खान, नदीम खान, हाजी इजरायल, अफरोज आलम, राधे उर्फ राजू, अकबर उर्फ मुन्ना, हाजी रब्बानी, अकील उर रहमान, मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी मुख्तार, महासचिव डॉक्टर तारीक, टीम कुतुब के सोहेल अख्तर गब्बर, पूर्व सचिव मो फारुक, चुनाव कमिटी के शाहीन अहमद, सरफराज कुरैशी, इरफान, अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**सुबह से ही वोटर मतदान के लिए पहुंच गए थे :** सुबह 7.30 बजे से मुसाफिर खाना में वोट देने के लिए लाइन में खड़े हो गए थे वोटर। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## खबर एक नजर में

### कान्हा मटका फोड़ प्रतियोगिता समिति का रथ रवाना



**रांची।** कान्हा मटका फोड़ प्रतियोगिता समिति की ओर से रविवार को प्रचार वाहन रवाना किया गया। दरअसल, 5 सितंबर को मटका फोड़ कार्यक्रम रातू रोड स्थित बिड़ला मैदान में हो रहा है। इसे लेकर राजधानी वासियों को आमंत्रित किया जा रहा है। प्रचार रथ रवाना करने में अध्यक्ष उत्तम यादव, प्रेम प्रतीक बमबारी, नितेश वर्मा, उमेश साहू, मिथिलेश सिंह, आर्यन मेहता, कुणाल केसरी, सौरभ यादव, वरुण मंडल, करण नायक, सूरज कुमार उपस्थित थे।

### धुर्वा में 7 को दही हांडी मटका फोड़ कार्यक्रम



**रांची।** श्रीकृष्ण विकास परिषद झारखंड के प्रमुख सदस्यों की बैठक रविवार को धुर्वा बस स्टैंड स्थित बौद्ध मंदिर में संरक्षक कैलाश यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 7 सितंबर 23 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव एवं दही हांडी प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कैलाश यादव ने कहा कि धुर्वा में प्रथम बार दही हांडी मटका फोड़ प्रतियोगिता शाम 4 बजे से आयोजित किया गया है। सोमवार को शाम 5 बजे से कार्यक्रम स्थल निरीक्षण किया जाएगा एवं तैयारी समिति की घोषणा की जाएगी। बैठक में सुरेश राय, नंदन यादव, विजय राय, चंदेश्वर प्रसाद, रंजन यादव, रामकुमार सिंह यादव, सुनील कुमार, सोनू यादव, हरिओम साहू, गौतम साहू, सूरज कुमार, समीर कुमार, राम इकबाल चौधरी, मुन्ना कुमार मौजूद थे।

### कलाकृति स्कूल ऑफ आट्र्स में मना शिक्षक दिवस



**रांची।** कलाकृति स्कूल ऑफ आट्र्स के डोरंडा एवं हटिया केंद्र के छात्रों एवं कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के द्वारा डोरंडा केंद्र में रविवार को शिक्षक दिवस सह शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन कलाकृति के निदेशक एवं कला शिक्षक धनंजय कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की उपनिदेशिका रजनी कुमारी, आरती, कोमल, शिखा, ईशा अर्चना, शीतल, रिंकी, जया, मनस्वी, निजात, सुमन, अमीषा, सुरुचि, पियूष एवं सभी छात्रों का योगदान रहा।

### नंद किशोर बने गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष



**रांची।** कचहरी रोड स्थित बिहार क्लब में रविवार को गणेश पूजा रांची महानगर जिला महासमिति की बैठक हुई। मौके पर महानगर जिला महासमिति के लिए पदाधिकारी का चयन किया गया जिसमें नेतृत्वकर्ता राज्यसभा सांसद महुआ माजी, मुख्य संरक्षक रमेश सिंह, उज्जवल सिंन्हा, भारतेंदु कुमार, सोमवित माजी, अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल सहित अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक में युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, रांची नगर निगम के पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, अजीत सहाय, जय सिंह यादव, उज्जवल तिवारी मौजूद थे।

### स्कूल बसों के फिटनेस, परमिट की जांच पर एसोसिएशन ने दी सेवा बंद करने की चेतावनी

**रांची।** झारखंड प्रदेश बस ओनर्स एसोसिएशन ने सरकार से नाराजगी जताई है। रविवार को बिहार क्लब, कचहरी चौक में एसोसिएशन की बैठक में चिंता जताते कहा गया कि पूर्व के अनुरोध के बावजूद स्कूल बसों का मोटर वाहन कर और अर्थदंड अबतक माफ नहीं हुआ है। ऐसे में कई स्कूल बसों के पास फिटनेस और परमिट नहीं है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह ने कहा कि ऐसी स्थिति में स्कूल बसों के कागजात की जांच सही नहीं है। सरकार से यह मांग है कि जबतक स्कूल बसों के मोटर वाहन कर और अर्थदंड माफ नहीं किए जाते, फिटनेस और अन्य कागजात अपडेट ना हो जाएं, तबतक ऐसे बसों के कागजात की जांच का अभियान रोका जाए। सच्चिदानंद सिंह ने चेतावनी देते कहा कि अगर राज्य सरकार एसोसिएशन की भावनाओं का सम्मान नहीं करेगी तो बाध्य होकर स्कूल बस सेवा बंद करनी होगी। बैठक में एसोसिएशन के वरीय उपाध्यक्ष संजय कुमार पांडेय और सचिव दीपक ओझा सहित अन्य भी उपस्थित थे।

### डेंगू से राहुल सिंह की मौत के बाद परिजनों से मिले सांसद संजय सेठ और विधायक सीपी सिंह



**रांची।** बीते शुक्रवार को शाहदेव नगर निवासी राहुल सिंह की डेंगू से मौत हो गयी थी। असामयिक निधन के तीसरे दिन रविवार को उनके परिजन से मिलने सांसद संजय सेठ और स्थानीय विधायक सीपी सिंह पहुंचे। इस दौरान दोनों नेताओं ने राहुल के परिजनों को ढाढ़स बंधाया। नेताओं ने परिजनों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। भाजपा नेता भीम प्रभाकर और सुवेश पांडेय समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। बताते चलें कि राहूल सिंह का परिवार 1975 से रातू रोड के शाहदेव नगर में रह रहा है। हाल ही में 3 अगस्त को उनकी भाभी का देहांत हो गया था। इससे पूर्व उनके पिता राज बल्लभ सिंह और बड़े भाई सुरेंद्र कुमार सिंह की असामयिक मौत हो चुकी है। इन सब की मौत से राहुल का परिवार पूरी तरह से टूट चुका है।

### सीआइएससीइ नेशनल चेस चैंपियनशिप जीत झारखंड -बिहार की टॉपर बनी वेदिका



**रांची।** सीआईएससीई रीजनल चेस चैंपियनशिप का आयोजन पटना इंटरनेशनल स्कूल पटना में रविवार को हुआ। ईसमें झारखंड तथा बिहार के सारे सीआईएससीई मान्यता प्राप्त विद्यालय के बच्चों ने इस चैंपियनशिप में भाग लिया। रांची के लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल की वेदिका सिन्हा जो कक्षा दसवीं की छात्रा हैं, इन्होंने सीआइएससीई रीजनल चेस चैंपियनशिप में झारखंड बिहार मिलाकर पूरे रीजन में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा इनका चयन आगामी सीआईएससीई नेशनल चेस चैंपियनशिप के लिए हुआ है। यह पूरे झारखंड प्रांत के लिए गौरव की बात है। वेदिका सिन्हा बहुमुखी प्रतिभा की धनी हैं। इन्होंने अंग्रेजी कविता की एक पुस्तक भी लिखी है, जो की जल्द ही प्रकाशित होने वाली है।

सिटी की अन्य खबरें पेज 9 पर भी...

# दो पक्षों के बीच विवाद, एयरपोर्ट रोड में हंगामा, पुलिस ने खदेड़ा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एयरपोर्ट रोड को रविवार को जाम कर बाधित करने का प्रयास किया गया। इस दौरान एयरपोर्ट रोड पर काफी लंबा जाम लग गया। कई लोगों को पैदल चलकर ही एयरपोर्ट जाना पड़ा। रोड जाम दुकान लगाने को लेकर दो पक्षों में हुई झड़प के बाद का है। मामले को लेकर शनिवार की रात को भी जमकर हंगामा हुआ था। इधर, रांची एयरपोर्ट के स्टेट हैंगर के पास सड़क जाम कर रहे ग्रामीणों को पुलिस ने खदेड़ दिया। शुक्रवार को दो पक्षों में दुकान लगाने को लेकर हुई मारपीट के बाद इलाके में तनाव है। उसी को लेकर कभी एक पक्ष तो कभी दूसरा पक्ष सड़क पर उतरकर हंगामा कर रहे हैं। इसी क्रम में रविवार की सुबह भी एक पक्ष के लोग सड़क पर उतर गये और स्टेट हैंगर के पास सड़क जाम कर दिया। उसी समय कई लोगों को फ्लाइट पकड़ने के लिए एयरपोर्ट जाना था, ऐसे में वे सब जाम में फंस गए। मौके पर पहुंची एयरपोर्ट थाने की पुलिस ने सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाया कि उन्हें जो कुछ भी कहना है थाने में आकर कहें, वे सड़क से हट जाएं क्योंकि कई लोगों को फ्लाइट पकड़ने लिए एयरपोर्ट जाना है। भीड़ में शामिल कुछ युवक जानबूझकर बदमाशी कर रहे थे। जिसके बाद पुलिस ने कड़ाई से पेश आते हुए उन्हें मौके से हटाते हुए सड़क को जाम मुक्त करवाया।

**रात को भी हुआ था हंगमा :** रांची के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के स्टेट हैंगर के समीप शनिवार की रात भी हंगमा हुआ था। पुलिस पर भी पथराव किया गया था। पूरा मामला दुकान लगाने को लेकर उपजे विवाद का है। जिसमें एक पक्ष के द्वारा मारपीट में घायल व्यक्ति को इलाज का पैसा देना था लेकिन ऐसा हुआ नहीं। जिसके बाद पैसा नहीं देने की बात को लेकर दो दुकानदार और उसके समर्थक आपस में भिड़ गए। दोनों ओर से जमकर मारपीट हुई। इस दौरान एक दुकानदार के समर्थन में आए ग्रामीणों ने दूसरे की दुकान पर पथराव भी कर दिया। जब पुलिस वहां पहुंची तो ग्रामीण उलझ गये। उन पर भी पथराव कर दिया। मामला बढ़ता देख डोरंडा और जगन्नाथपुर थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद जमा भीड़ को तितर बितर करने के लिए पुलिस ने ग्रामीणों को खदेड़ा। पुलिस की टीम ने हंगामा कर रहे कुछ ग्रामीणों की दौड़ा कर पिटाई भी की। इसके बाद मामला शांत हुआ।

### दुकान बनी विवाद की वजह

जानकारी के अनुसार स्टेट हैंगर के पास पोखर टोली निवासी अंकित साहु और खुखमा टोली के सुभाष तिर्की की चाय की दुकान है। कस्टमर को लेकर दोनों के बीच शुक्रवार को झगड़ा हो गया था। इसमें सुभाष को चोट आयी थी उसी का इलाज का पैसा मांगने के लिए शनिवार की शाम ग्रामीण अंकित के दुकान में पहुंच गए। पैसा को लेकर अंकित का ग्रामीणो के साथ विवाद हुआ। मामला इतना बढ़ गया कि ग्रामीणों ने अंकित के साथ मारपीट कर दी। उसके दुकान पर भी पथराव किया. इसकी जानकारी मिलने के बाद एयपोर्ट थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। इधर, पुलिस का कहना है कि मामले में सुभाष के बयान पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# हिंदू समाज को फिर से प्रतिष्ठित करना आवश्यक : सचिंद्र सिन्हा

### विहिप की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विश्व हिन्दू परिषद रांची विभाग की बैठक बड़ा तालाब स्थित लक्ष्मीनारायण धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ मंचासिन अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। मंचासीन अधिकारियों का परिचय रांची विभाग के सहमंत्री विकास सिंह ने कराया। बैठक के प्रथम सत्र में सभी जिला मंत्रियों द्वारा अपने-अपने जिले का वृत्त निवेदन किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय सहमंत्री व प्रचार-प्रसार विभाग के केंद्रीय सहप्रमुख सचिन्द्र सिन्हा ने कहा कि हम जितना सोचते हैं,समाज हमसे आगे सोचता है। एक समय था जब जब हॉल बड़ी और संख्या छोटी होती थी। लेकिन, अब स्थिति विपरीत है। देशभर में हिंदुओं का जबर्दस्त जागरण हुआ है। उन्होंने कहा कि बैठक में आये एक एक कार्यकर्त्ता केवल भीड़ मात्र के लिये नहीं हैं। बल्कि हम सब दायित्ववान कार्यकर्त्ता हैं। उन्होंने कहा कि हम भूल जाते हैं कि राम, कृष्ण, राणा, शिवा, गुरुगोविंद सिंह, सिद्धू-कान्हू, भगवान बिरसा मुंडा के वंशज हैं। जाति, प्रान्त, भाषा से ऊपर उठकर हम केवल हिन्दू हैं। इसके लिए हमें बड़ी संख्या में समयदानी कार्यकर्त्ताओं की फौज खड़ी करनी होगी। रोड मैप बनाकर गांव गांव तक विहिप को ले जाने की तैयारी करनी पड़ेगी। प्रान्त सहमंत्री रंगनाथ महतो द्वारा रांची विभाग की निम्नलिखित घोषणाओं का प्रस्ताव बैठक में उपस्थित सभी लोगों के समक्ष लाया गया। जिसे उपस्थित सभी लोगों द्वारा दोनों हाथ उठाकर ओंकार ध्वनि से इसे पारित कर दी गई। शौर्य यात्रा मुख्य संरक्षक - गंगा प्रसाद यादव। शौर्य यात्रा संरक्षक - कैलाश केसरी, रामेश्वर दयाल सिंह, विनोद जयसवाल, आलोक चौधरी। शौर्य यात्रा विभाग संयोजक - कृष्ण कुमार झा। बैठक में मुख्य रूप से सचिंद्र सिन्हा, गंगा प्रसाद यादव, देवी सिंह, रंगनाथ महतो, दीपा रानी कुंज, मिथिलेश्वर मिश्र, युगलकिशोर प्रसाद, अशोक अग्रवाल, कृष्ण कुमार झा, विकास सिंह, रविशंकर राय, राजेन्द्र सिंह मुंडा, अमर प्रसाद, कैलाश केसरी, दीपक साहू, विश्वरंजन नागेंद्र शुक्ला, विनोद जयसवाल, उमेश मांझी, प्रवीण जयसवाल, प्रकाश अधिकारी, रामेश्वर दयाल सिंह, रोबिन कुमार, रंजू देवी, बबिता वर्मा, रामवृक्ष महतो, गुलाब सिंह, प्रकाश यादव आदि उपस्थित थे।

### राजस्थान में झारखंडी लोक संस्कृति की प्रस्तुति के लिए टीम को बधाई : राजेन्द्र

**रांची।** राजस्थान में झारखंड की लोक कला और संस्कृति का नागपुरी लेखक व साहित्यकार झारखंड आंदोलनकारी क्षितिश कुमार राय को मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने बधाई दी है। बताते चलें श्री राय की अगुवाई में 16 सदस्य कलाकारों ने नागपुरी लोकगीत संगीत तो नृत्य की प्रस्तुति कर झारखंड लौट आने पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने क्षितिश कुमार राय और उनकी टीम को बधाई दी है। ज्ञात हो कि जयपुर राजस्थान आकाशवाणी की ओर से भारत की अगुवाई में जी 20 की अध्यक्षता के उत्सव स्वरूप देश के विभिन्न प्रदेशों से ख्याति प्राप्त कलाकारों को प्रस्तुति के लिए बुलाया गया था। प्रसाद ने कहा कि विभिन्न प्रदेशों के कलाकारों के बीच झारखंडी कला संस्कृति को प्रस्तुत करना झारखंड के लिए सम्मान की बात है।

# करम पूजा आयोजन को लेकर केंद्रीय सरना संघर्ष समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति की ओर से रविवार को करम पूजा आयोजन को लेकर डेम पार्क कांके रोड में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने की। बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि करम पूजा आदिवासियों का महत्वपूर्ण त्योहार है, जो प्राकृति से जुडा है। भादो एकादशी को मनाया जाने वाला यह पूजा भव्य तरीके से मनाया जायेगा। अखरा में विधि-विधान के साथ करमदेव को गाड़ा जायेगा और पूजा अर्चना किया जायेगा। करम पूजा का कहानी पहान द्वारा ही सुनें, हडिया का सेवन प्रसाद के रूप में करें, अखरा में ढ़ोल, नागड़ा और मांदर के साथ नृत्य करें और पारंपरागत तरीके मनायेंगे। करमदेव की पूजा अन्ना अदि प्रार्थना के साथ शुभारंभ करें। उन्होंने बताया कि 25 सितंबर को उपवास पूजा रात्रि, 26 को परना और 27 को विसर्जन किया जायेगा। इस दौरान सदस्यों ने जिला प्रशासन से कहा है कि शहर के सभी वार्ड के अखरा को साफ सफाई कर दें, ताकि स्वच्छ वातावरण में करमदेव का पूजा अर्चना कर सके और त्योहार के दिन बिजली लाइट और सुरक्षा व्यवस्था करें। सरकार से करम पूजा के लिए तीन दिनों की छुप्ती की मंग की है। बैठक में मुख्य रूप से सती तिर्की, संगीता गाडी, गुड्डू उरांव, रीता खलखो, कुलदीप उरांव, कुईली उरांव, सीटीओ उरांव, मंगरी उरांव, शोभा तिर्की एवं भानू उरांव इत्यादि शामिल थे।

### इस्मा का कराटे ग्रेडिंग संपन्न



**रांची।** इंडियन स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स इस्मा के मेन डोजो वाईएमसीए कांटा टोली प्रांगण में कराटे कारों के लिये एक दिवसीय कराटे ग्रेडिंग का आयोजन रविवार को किया गया। इसमें सेंसाई कमल किशोर कच्छप, अनिल शर्मा, इबरार अंसारी ने स्टांस, हैंड बेसिक, किक बेसिक, कम्बीनेशन को लेकर जांच किया।सेंसाई गुलाम जावेद, सेंसाई जाकिर हुसैन, सेंसाई लालचंद लोहार ने काता, कुमिते, इप्पोन कुमिते,सनबॉन कुमिते की तकनीकी जांच किया। जिसमें पिला बेल्ट में एंजल मिंज, नारंगी बेल्ट में अध्या शर्मा, विक्की मुंडा, हरा बेल्ट में अनूरउद दास, अयान अली, यशिका, नीला बेल्ट में हरमेश कुजूर, अंकित कुमार महतो, बैंगनी बेल्ट में शाक्क्षी सम्पत, भूरा बेल्ट 4 में आरजू अली, भूरा बेल्ट 3 में सुमैल अली, शामीन अली, कौसर अली को कड़ी परीक्षा के बाद उत्तीर्ण घोषित किया गया।

## खबर एक नजर में

### एचइसी के सप्लाई कर्मियों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं : जीतू लोहरा

**रांची।** एचईसी मजदूर संघ के अध्यक्ष जीतू लोहरा ने कहा कि वर्षों से काम कर रहे सप्लाई कर्मियों की मेहनत को प्रबंधन की ओर से साजिश एवं जान-बूझकर विलंब से टेंडर निकालने का दुष्परिणाम मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है, जो सरासर अन्याय है। उन्होंने कहा कि एचईसी मजदूर संघ सप्लाई कर्मियों के साथ पूरी ताकत एवं मजबूती से खड़ी है। प्रबंधन सप्लाई कर्मियों के साथ जरा सा भी अन्याय करती है तो एचईसी मजदूर संघ कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। संघ के महामंत्री रमाशंकर प्रसाद ने कहा कि एचईसी को बचाने को लेकर भारतीय मजदूर संघ के केंद्रीय नेतृत्व के माध्यम से वर्चुअल बैठक कर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसमें जल्द ही एचईसी की जीर्णोद्धार को लेकर केंद्र सरकार के साथ एक बड़ी बैठक की जायेगी। इस बैठक में सुनील कुमार पाण्डे, विकास तिवारी, सरोज कुमार, रविकांत, बसंत पल्लाई, सत्यकाम माणिक, संजय कुमार, मनोज कुमार, खुर्शीद आलम, नरेश राम, मोहमद एजाज, बालमकुंद शर्मा, लक्ष्मण राम, सुनील कुमार तांती समेत कई उपस्थित थे।

### प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**रांची।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन हर्षनाथ मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), सीएसीएल एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर हर्षनाथ मिश्रा ने कहा कि हमलोगों को श्रीकृष्ण के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए कि किस प्रकार उनका जीवन सर्व गुण सम्पन्न था तथा वे मर्यादा पूर्वक रहते थे। श्रीकृष्ण योगीराज थे उन्होंने योगेश्वर शिव परमात्मा से पूर्व जन्म में योग सीखा था। वे एक सफल राजा थे। उनके राज्य में संपूर्ण पवित्रता थी। कार्यक्रम में उपस्थित स्वामी मुक्तरथ ने कहा कि श्रीकृष्ण हमारे मान्य पूर्वज थे। उन्होंने गीता ज्ञान एवं सहज राजयोग के अभ्यास से ही श्रेष्ठ देवता पद को प्राप्त किया। इतिहास की हू-बहू पुनरावृत्ति होती है। निकट भविष्य में शीघ्र ही भारत में श्रीकृष्ण जन्म लेंगे और भूलोक स्वर्ग बन जायेगा। इस मौके पर आर्ट ऑफ लिविंग के राकेश, स्टार इंटरनेशनल स्कूल के एमडी दिनेश सिंह, इनर व्हील क्लब के पूर्व अध्यक्षा सुमन सिंह, सीसीएल के पूर्व डीजीएम रविन्द्र प्रसाद ने भी संबोधित किया।

### इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता में संत जीएम स्कूल बना चैंपियन



**रांची।** इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता में संत जीएम स्कूल चैंपियन बना। रविवार को आम जनता हेल्पलाइन के द्वारा अंजुमन प्लाजा हॉल में आयोजित इस प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों के बीच इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें 21 स्कूलों के लगभग 135 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। प्रतियोगिता में अभिभावक के अलावा स्कूलों के प्रिंसिपल, निदेशक व शिक्षक भी शामिल हुए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संत जीएम स्कूल को मिला, द्वितीय स्थान इदरीसिया तंजीम स्कूल और तीसरा स्थान राईनगर्ल्स स्कूल को मिला। इसके अलावा 104 बच्चों ने सांत्वना पुरस्कार दिया गया। क्विज में अभिभावकों ने भी 20 से अधिक सवालों के सही जवाब देकर मैडम जीते। क्विज का संचालन हाजी फिरोज जिलानी व मो. शकील ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आम जनता हेल्पलाइन के अध्यक्ष एजाज गद्दी ने की। इस मौके पर उपाध्यक्ष हाजी जसीम, हैदर गुड्डू, मरकजी इदरीसया पंचायत के अध्यक्ष मो. इस्लाम, नेहाल अहमद, इमरान रजा अंसारी रमजान कुरैशी, सज्जाद इदरीसी, मो. रिजवान खान, तनवीर अहमद,शम्श कमर लड्डन, खालिद उमर, निगार सुल्ताना, मेराज अंसारी, मेराज गद्दी, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### कुमार रौशन ने हेमलाल साव के इलाज में 28 हजार रुपये की दी मदद

**रांची।** राज अस्पताल में ब्रेन हैमरेज के शिकार हजारीबाग निवासी हेमलाल साव जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहें हैं। 9 दिनों बाद भी उनकी हालत में सुधार नहीं है एवं उनके परिजन बुरे आर्थिक स्थिति से गुजर रहे हैं। झारखंड तैलिक साहु सभा के रांची जिलाध्यक्ष कुमार रौशन ने राज अस्पताल पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तत्काल तेलिक साहु सभा के साथियों के साथ मिलकर 28000 रुपये की धनराशि हेमलाल साव की पत्नी एवं परिजन को सौंपी।

# अंधविश्वास में मां-बेटी पर किया जानलेवा हमला

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** खूंटी के मुरहू थाना क्षेत्र में एक युवक ने दो महिलाओं पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में दोनों महिलाएं जख्मी हो गयी हैं। उनलोगों को सदर अस्पताल खूंटी में भर्ती कराया गया था, जहां प्राथमिक इलाज कर दोनों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है। बताया जाता है कि अंधविश्वास में आरोपी ने मां-बेटी पर हमला किया है। वहीं मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर मुरहू पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घायलों में भोंडा निवासी 30 वर्षीय मोनिका नाग और 55 वर्षीय सुकरमनी धनवार शामिल हैं।

**घर में घुस कर मां-बेटी पर टांगी से हमला :** जानकारी के अनुसार मोनिका नाग और उसकी मां सुकरमनी धनवार अपने घर में खाना बनाने की तैयारी में जुटी थी। तभी पड़ोस में ही रहने वाला रौकन नाग नामक व्यक्ति उनके घर में घुस आया और दोनों पर टांगी से हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। हमले में मोनिका नाग के सिर और आंख में गंभीर चोट आई है। वहीं सुकरमनी धनवार पर भी टांगी से पेट और चेहरे पर वार किया गया है।

**आरोपी गिरफ्तार :** वहीं घटना के संबंध में मुरहू थाना प्रभारी चूड़ामनी टुडू ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद आरोपी रौकन नाग को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि एक वर्ष पूर्व जब वो हड़िया पी रहा था उसी दौरान उसके हड़िया वाला कटोरा पर महिला ने हाथ फेर दिया था। उसके बाद उसके घर में धन-दौलत में इजाफा नहीं हो रहा था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसे शक था कि उन लोगों ने कुछ कर दिया है। जिसके कारण उसके परिवार का कुछ भला नहीं हो रहा था।

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन



**रांची।** समाजिक एव धार्मिक संस्था श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रविवार को 105वें नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया। पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल और अन्नापूर्णा भंडारे के संयोजक ओमप्रकाश सरावगी की देखरेख में यह आयोजन हुआ। संस्था के सह संयोजक पवन पोद्दार, संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुरणमल सर्राफ ने भंडारा का वितरण किया। भंडारे में लगभग 1300 श्रद्धालुओं ने भोजन के प्रसाद को ग्रहण किया। अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के कार्यक्रम संयोजक ओमप्रकाश सरावगी सह- संयोजक पवन पोद्दार, अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, पुर्णमल सर्राफ, ओमप्रकाश सरावगी, नंद किशोर चौधरी, विशाल जालान, ज्ञान प्रकाश शर्मा, हरी प्रसाद सोनी, चन्द्रदीप साहु, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहु, महेश वर्मा महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या विद्या देवी अग्रवाल, सरीता अग्रवाल, बबीता गुप्ता, उर्मिला पाडिया, अमिता जालान एवं इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

### महिलाओं-बच्चों को सांस्कृतिक धरोहरों से रूबरू कराने के लिए सामूहिक भ्रमण जरूरी : कुमुद झा

**रांची।** सन्मार्गम फाऊंडेशन की ओर से संचालित सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की 90 महिलाओं को रविवार को घघारी धाम लापुंग का दर्शन कराया गया। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री सह फाउंडेशन की संचालिका कुमुद झा के नेतृत्व में गयी महिलाओं ने इस दौरान खूब इंजॉय किया। उन्होंने बताया कि घघारी धाम झारखंड का आकर्षण पर्यटन केंद्र बन सकता है। खूबसूरत वादियों के बीच स्थित प्राचीन शिव मंदिर सभी सैलानियों को आकर्षित करता है। सभी महिलाओं और बच्चों ने भजन कीर्तन का लुत्फ भी उठाया। साथ ही यात्रा के दौरान महिलाओं को बेड़ो के साई मंदिर का दर्शन भी करवाया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह एक साथ समूह में कही भी जाने से एकजुटता आती हैं साथ ही लोग राज्य के धरोहरों को जानते समझते हैं। समय समय पर बिभिन्न क्षेत्रों के महिलाओं और बच्चों को ले जाया जाता है। बच्चों ने भी जमकर राम भजन गया और रामधुन पर धमाचौकड़ी किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश साह, सिद्धार्थ त्रिपाठी और रोशन कुमार का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम में रीता राय ,दीपिका सिंह सुमन तिवारी, रूपा गुप्ता, कंचनलता व रेणू पॉल ने भी सराहनीय भूमिका निभायी।

# केंद्रीय विद्यालय के राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में 18 प्रोजेक्ट प्रस्तुत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय विद्यालय सीसीएल राजेंद्रनगर में विद्यालय स्तर पर राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन 2 सितंबर को किया गया। इसका मुख्य विषय स्वास्थ्य और खुशहाली के लिए पारिस्थितिकी की समझ था। प्राचार्या डी तिर्की के निर्देशन में पांच विभिन्न उपविषयों पर कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने दो समूहों में 18 प्रस्तावित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। इसका अवलोकन और मूल्यांकन सीसीएल की जीएम रेखा पांडेय ने किया।जीएम ने सभी बच्चों की प्रस्तुतियों को बारीकी से देखा। बच्चों का मार्गदर्शन भी किया। कक्षा 10वीं के अर्णव ने सड़क पर चलने वाले वाहनों से बिजली पैदा करने का प्रस्तावित प्रोजेक्ट पेश किया। कक्षा 11वीं की पूनम द्वारा कलम में उपयोग लाए जाने वाले हरित स्त्रोतों के प्रयोग पर प्रस्तावित प्रोजेक्ट पेश किया गया। जीएम ने कक्षा 6 की आद्या द्वारा प्रस्तावित प्रोजेक्ट की विशेष रूप से सराहना की। कहा कि आज की ऊर्जा की बचत कल के उत्पादन में योगदान है। इसके लिए बच्चों और हम सभी को मिल कर कार्य करना होगा। जीएम ने बच्चों को एक विशेष संदेश दिया। कहा कि एक कलम को पूरे साल रिफिल भरवाकर चलाएं। प्लास्टिक के बोतल और टिफिन प्रयोग में नहीं लाएं। अपनी सेहत का ख्याल रखें। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में चयनित प्रोजेक्ट आगे क्षेत्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में शामिल होंगे।

### यूजीसी से लौटने पर दोनों शिक्षकों को वीसी ने दी बधाई

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने रांची विश्वविद्यालय के दो शिक्षकों डॉ राजकुमार शर्मा एवं डॉ स्मृति सिंह को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा प्रायोजित भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर आयोजित 6 दिन के वर्कशॉप में सम्मिलित होकर वापस लौटने पर बधाई दी। यह कार्यक्रम बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास केंद्र के द्वारा आयोजित किया गया था। रांची विश्वविद्यालय से शामिल हुए दोनों प्रतिभागियों ने बताया कि यह कार्यक्रम हम लोगों के लिए बहुत ही ज्ञानवर्द्धक रहा। भारतीय शास्त्रों में छुपे हुए ज्ञान से आज हमें अपने युवा पीढ़ी को अवगत कराना अति आवश्यक हो गया है। आज जब पूरा विश्व भारतीय शास्त्रीय ज्ञान से अपने जीवन शैली को समुन्नत कर रहा है। वहीं हमारी युवा पीढ़ी इस ज्ञान के भंडार से बखूबी परिचित नहीं है। इस तरह के आयोजन से भारतीय ज्ञान परंपरा को लोकप्रिय बनाने में मदद मिलेगी।

### रिम्स में इलाजरत कैदी सोमा उरांव की मौत

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में उम्र कैद की सजा काट रहे बंदी सोमा उरांव की इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गई है। बताते चलें कि सोमा इटकी थाना क्षेत्र के रानी खटंगा का रहने वाला था। मेडिसिन विभाग में डॉ विद्यापति की यूनिट में उसका इलाज चल रहा था। हेपेटाइटिस-बी व अन्य बीमारी से ग्रसित सोमा को इलाज के लिए 7 अगस्त को कारा चिकित्सक की अनुशंसा पर रिम्स में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान कैदी की मौत हो गई। मृतक के पोस्टमार्टम को लेकर बिरसा मुंडा कारा के अधीक्षक ने रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक को पत्र लिख कर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया का वीडियोग्राफी करने का आग्रह किया है।

# श्री राणी सती मंडल का वार्षिकोत्सव श्रद्धा पूर्वक मना

### 501 महिलाओं ने मंगल पाठ में भाग लिया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** श्री राणी सती मंडल रांची का 42वां वार्षिकोत्सव मारवाड़ी भवन मे श्रद्धा एवं भक्तिपूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री राणी सती दादी जी का दरबार का भव्य एवं अलौकिक नयनाभिराम श्रृंगार कोलकाता से आये कुशल कारीगरों एवं शिल्पकारों ने किया। महोत्सव का शुभारंभ सुबह 7 बजे पंडित श्याम भारद्वाज ने मंत्रोच्चारण के साथ गणेश पूजन से किया। गणेश पूजन के मुख्य यजमान विनीता- विशाल सिंघानिया थे। इसके बाद संस्था के वरिष्ठ सदस्य सांवरमल बुधिया, बालकृष्ण परशुरामपुरिया, सोहनलाल बंसल ने संयुक्त रूप से पावन अखंड ज्योत प्रज्वलित किया। कोलकाता के निशा सोनी एवं मोनू मोर के नेतृत्व में मंगल पाठ भजन कीर्तन किया गया। मंगल पाठ में 501 महिलाएं परंपरागत राजस्थानी वेशभूषा मे सुसज्जित होकर दादी जी के जीवन चरित्र पर मंगल पाठ की। दादी जी पांच देवताओं के साथ महल से बाहर आकर अपने भक्तों पर खूब आशीर्वाद बसाई। पूरा दरबार दिनभर भक्तिमय एवं दादीमय से गुंजायमान रहा। समाजसेवी कमल मोर एवं राजेश अग्रवाल ने दादी जी को चुनरी ओढ़ाकर अलौकिक श्रृंगार किया। सवामणी एवं छप्पन भोग का भोग लगाया गया। इसमें हजारों भक्तों ने श्री दादी जी का भोग ग्रहण किया। इसके बाद श्री दादी जी के दरबार के श्री हनुमान मंडल के भजन गायकों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गयी। रात्रि 10 बजे सामूहिक महा आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ महोत्सव संपन्न हुआ। महोत्सव को सफल बनाने में अध्यक्ष विनोद झुनझुनवाला, निर्मल बुधिया, राजेंद्र केडिया, अरविंद मंगल, महेश कनोडिया, राजेश पोद्दार, मनोज अग्रवाल, पवन फोगला, अशोक सराफ,मनीष बागला, सुमित गाड़ोदिया, राजन प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, विजय खोवाल, विशाल सिंघानिया, वीरेंद्र बंसल, भारत बगड़िया, मुकुंद परशुरामपुरिया, अभिषेक केडिया, कैलाश सामोता, अमित खुतेता, अशोक बांका आदि की भूमिका सराहनीय रही।

### मीडिया कप वॉलीबॉल 2023 का चैंपियन बना टीम येलो




**रांची।** रांची विवि के वॉलीबॉल कोर्ट में खेले जा रहे मीडिया कप वॉलीबॉल 2023 का फाइनल मैच रविवार को हुआ। खिताबी मुकाबले में टीम ग्रीन को हराकर टीम येलो चैंपियन बना। मुकाबले को टीम येलो ने 25-11, 25-17 के अंतर से जीता। मैच की समाप्ति के बाद मुख्य अतिथि डीजी प्रशांत सिंह और विशिष्ट अतिथि रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी व प्रशासक डॉ रामाशंकर सिंह व रांची विवि के डीएसडब्ल्यू डॉक्टर सुदेश साहू ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। अतिथियों व प्रतियोगिता को सफल बनाने में योगदान देनेवाले रेफरियों को द रांची प्रेस क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। इससे पहले लीग मैच में टीम रेड ने टीम ब्लू को 25-17, 25-12 से हराया और प्रतियोगिता के आखिरी लीग मैच प्री फाइनल में टीम येलो ने टीम ग्रीन को एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-23, 22-25, 15-6 से हराया था।

## स्पीड न्यूज

### खड़े वाहन में बाइक सवार ने मारी ठोकर, घायल

**सिकिदिरी।** अनियंत्रित साइकिल सवार ने हुंडरू फॉल चेक नाका के समीप सड़क के किनारे खड़ी सुमो वाहन को टक्कर मार दी। जिससे साइकिल सवार पर्यटनकर्मी नागेश्वर बेदिया घायल हो गया। घटना रविवार के दोपहर करीब दो बजे की है। इस दुर्घटना में सुमो वाहन का पीछे का शीशा टूट गया। घटना के समय नागेश्वर अपनी साइकिल से हुंडरू फॉल आ रहा था। ग्रामीणों ने तत्काल घायल को इलाज के लिए स्थानीय चिकित्साकर्मी के पास ले गये।

### इटकी : घर के पास खड़ी बाइक की चोरी

**इटकी।** इटकी थाना क्षेत्र के रानीखटंगा गांव में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने घर के सामने खड़ी एक बाइक की चोरी कर ली। इस संबंध में बाइक मालिक गोयंदा मिंज द्वारा थाना को लिखित सूचना दी गयी है। जानकारी के मुताबिक टीवीएस कंपनी की अपाची बाइक जेएच 01 बीएच 3742 गोयंदा के घर के बरामदे में रखी थी। पुलिस छानबीन कर रही है।

### अज्ञात वाहन के ठोकर से बाइक सवार घायल

**इटकी।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र के गढ़गांव स्थित डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल के समीप रविवार को अज्ञात वाहन से टकरा कर बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से घायल युवक को बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज गया। घायल बाइक सवार दिनकर लकड़ा लोहरदगा गढ़हा टोली का बताया गया है।

### भाजपा नेता ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**ठाकुरगांव।** भाजपा के वरीय नेता सह बैठक एवं कार्यक्रम विभाग के प्रदेश संयोजक स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने रविवार को क्षेत्र के कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस क्रम में उन्होंने कांके प्रखंड के मालश्रृंग, करकट्टा, चामगुरु, काटमकुली आदि गांवों में ग्रामीणों से मिलकर उन्हें केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिया। मौके पर भाजपा नेता ने आयुष्मान योजना, पीएम किसान योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार राज्य को बर्बाद करने पर तुली है। मौके पर बिपिन महतो, उमाशंकर, सुजीत कश्यप, लखन उरांव, उदय पासवान मौजूद थे।

### श्मशान घाट से महिला का शव बरामद

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के दुलमी गांव के स्वर्णरेखा नदी श्मशान घाट के समीप सोनाहातू पुलिस ने 55 वर्षीय महिला का शव बरामद किया है। शव की पहचान नहीं हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल ने बताया कि स्वर्णरेखा नदी के किनारे पानी से 55 वर्षीय महिला का शव बरामद किया गया है। शव की पहचान नही हुई है।

### हाथियों के झुंड ने धान की फसल रौंद डाली

**राहे।** प्रखंड के खांटगा, कोटांगदाग, गांव में हाथियों के झुंड ने शनिवार रात को कई किसानों के 5 एकड़ से अधिक खेत मे लगे धान फसल को रौंद दिया है। किसान पंकज प्रामाणिक, बलदेव महतो और उपेन महतो के खेत में लगे धान को नष्ट किया है। इधर किसानों ने वन विभाग को सूचना देकर हाथियो भागने की मांग किया है। हाथियों का झुंड बांस वन से निकल कर हितजारा, गोवाली, नुरू, खाटंगा, कोटांगदाग होते हुये मोदिया कोचा पहाड़ी के जंगल में पहुंच गये है। रविवार शाम को वन विभाग की टीम गांव में पहुंच कर हाथी भागने की तैयारी में थे।

### जेबीकेएसएस की बैठक आज

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के मारधान पंचायत अंतर्गत चिरगालडीह गांव में सोमवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक सोमवार 4 सितंबर को रखी गई है। बैठक राधारानी मंदिर परिसर में दिन के एक बजे होगी। बैठक में मुख्य अतिथि तमाड़ विधानसभा जेबीकेएसएस नेत्री दमयंती मुंडा शामिल होंगी।

# एरियर-सैलरी भुगतान में गड़बड़ी को लेकर प्रदर्शन

## कर्मियों ने लगाया मनमाने ढंग से इनकम टैक्स काटने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



पिपरवार में विरोध प्रदर्शन करते सीसीएल कर्मचारी।

**पिपरवार।** एरियर और सैलरी भुगतान में गड़बड़ी होने के विरोध में पिपरवार कोल माइंस के अलग-अलग परियोजना में सीसीएल कामगारों ने काम बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। मजदूरों ने बताया कि सैफ द्वारा एरियर और सैलरी जो साथ.साथ बना है यह बिल्कुल गड़बड़ तरीके से बनाया गया है एवं मनमाने ढंग से सभी लोगों का इनकम टैक्स, ढाई से तीन लाख रुपया काट लिया गया है। जिसका हम सारे मजदूर विरोध करते हैं। इसी बीच मजदूरों से आह्वान किया की मजदूर द्वारा अपने.अपने परियोजना में विरोध करेंगे और एक एकजुट होकर एक बड़ी आंदोलन किया जाएगा। मजदूर ने प्रबंधन से मांग किया कि एरियर भुगतान में गड़बड़ी हुई है इसलिए फिर से इसे सुधार कर बिल बनाया जाए और कुछ दिन के अंदर एरियर का भुगतान फिर से किया जाए एवं एरियर का बिल सीट अलग से मजदूरों को दिया जाए। प्रबंधन ने 15 दिन के अंदर गड़बड़ी को सुधार कर भुगतान करने का आश्वासन दिया। यही आश्वासन पर मजदूरों ने काम को पुनः चालू कर दिया। इस मौके पर मैनेजर एसके सिंह, सिसिर गर्ग, पर्सनल ऑफिसर हेमचंद महतो, बीएमसी महामंत्री एसके चौधरी आरसीएमयू अध्यक्ष मो कासिम उर्फ मुन्नो सीटू यूनियन नेता इस्लाम अंसारी विद्यापति सिंह सहित सभी यूनियन नेता और कामगार मौजूद थे।

# ट्रक ओनर एसो. की बैठक में नगद भाड़ा को लेकर चर्चा

## बैठक में पारित हुए तीन प्रस्ताव

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में चिरैयाटांड़ बाजारटांड के समीप ट्रक ओनर एसोसिएशन की बैठक हुई। अध्यक्षता विजय महतो एवं संचालन रचित गंझु ने किया। बैठक में ट्रक ओनरो की कई समस्याओं कोयल की बढ़ोतरी, नगद भाड़ा नगद भाड़ा पर विशेष रूप से चर्चा किया गया और तीन प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें पिपरवार अशोक क्षेत्र के सभी विस्थापित ट्रक ऑनरो का एक समान सीरियल से गाड़ी परिचालन किया जाएगा। प्रस्ताव संख्या दो फॉर्मेट कांटा स्लिप बांटने के लिए अशोक एवं पिपरवार क्षेत्र के सभी कांटा घरों का फॉर्मेट एक जगह से सीरियल नंबरों से ट्रैकों का कांटा प्रचलन के लिए एक जगह से स्लिप दिया जाएगा। प्रस्ताव संख्या तीन पूर्ण तय भाड़ा 2021 का भाड़ा नगद भाड़ा ट्रक मालिकों का भुगतान किया जाएगा। इस मौके पर रामबालक गंझुए रोहित कुमार गंझु, अमर कुमार महतो, विवेकानंद भोगता, अर्जुन महतो, सर्वण महतो, रजेश गंझु, प्रेम कुमार ठाकुर, टेकलाल महतो मौजूद थे।

## कल्याणपुर में जितिया मेला को लेकर बैठक

**पिपरवार।** कल्याणपुर सरना क्लब में रविवार को जितिया मेला को लेकर एक बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता विश्वनाथ भगत एवं संचालन शिवशंकर साव और निर्मल उरांव ने सामूहिक रूप से किया। बैठक काफी देर तक चली और अंतिम में सर्व सहमति से संयोजित तरीके से तीन दिवसीय जितिया जतरा मेला लगने का निर्णय लिया गया और आगामी बैठक 8 सितंबर को रखी गई है। मौके पर टंडवा प्रमुख रीना कुमारी, जोनी भगत, रविंत्री टाना भगत, धनेशवर गंझु, अरुण उरांव, मिश्रा पासवान, बिनोद पासवान, बालेश्वर भोगता, बालेश्वर उरांव मौजूद थे।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

# होटल में अचेत मिला सीसीएल कर्मचारी, इलाज के दौरान मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** उत्तरीकर्णपुरा क्षेत्र के पुरनाडीह परियोजना अंतर्गत में बंद होटल में सीसीएल कर्मी अचेत अवस्था मे पाया गया। अचेत अवस्था मिले व्यक्ति केडीएच रैम्बो क्लब सीसीएल कॉलोनी के निवासी अजय महतो लगभग (45 वर्ष) के रूप में पहचान हुई है। अजय महतो मूल रूप से तारानरी चंद्रपुरा धनबाद के रहने वाले है। अजय पुरनाडीह परियोजना में ही ऑपरेटर के रूप में कार्यरत थे। इस संबंध में परिजनों के अनुसार अजय महतो बीते दो दिनों से घर वापस नही लौटे थे। घर वापस नही लौटने से परिजनों व कॉलोनी वासियो ने खोज बिन शरू कर दिया। रविवार को पुरनाडीह परियोजना के एक निजी बंद होटल में अचेत अवस्था में पाया गया। परिजनों ने बताया कि जिस बंद होटल में मिले है। उक्त जगह खून की उल्टी भी देखा गया। जिसके बाद परिजनों ने आनन फानन में उठाकर डकरा सेंट्रल हॉस्पिटल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने स्तिथि को गंभीर हालत को देखते हुए रांची रेफर कर दिया। बताया गया कि राँची हॉस्पिटल ईलाज के क्रम में दम तोड़ दिया।

# कोकड़े में की थी चोरी, पुलिस ने एक को दबोचा, दूसरा फरार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** पुलिस ने तारूप के कोकड़े में 31 अगस्त की शाम 7 बजे रमेश उरांव के घर में चोरी की घटना को अंजाम देने वाला अजय मुंडा को गिरफ्तार कर लिया है। वह होचर निवासी शंकर मुंडा का पुत्र है। जबकिए हुरहुरी बाड़ीटोली में रहने आशिक अंसारी का पुत्र साजिद अंसारी फरार हो गया। अजय मुंडा के पास से चोरी के कई कागजात भी मिले हैं। उससे पूछताछ की जा रही है। सोमवार को उसे जेल भेज दिया जायेगा। रमेश उरांव और उनकी पत्नी गांव स्थित सड़क किनारे होटल चलाते हैं। गुरुवार की सुबह दोनों काम पर निकले। बच्चे भी स्कूल गये थे। दरवाजे में ताले लगे थे। आरोपियों ने एस्बेस्टस तोड़ अंदर घुस बक्से में रखे 50 हजार नकद, सोने का झुमका, सोने की बाली, चांदी का पायल, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, एटीएम व पेन कार्ड आदि की चोरी कर ली थी। भुक्तभोगी ने थाने में लिखित शिकायत की बजाय खुद चोरों का पता लगाने में जुट गया। परहेपाट निवासी महफुज अंसारी के भाई से मिली गुप्त सूचना पर उन्होंने थाने को चोर के बारे में अवगत कराया।

## वारंटी गिरफ्तार

**रातू।** पुलिस ने वारंटी छोटन महली को गिरफ्तार कर लिया है। वह बाड़ीटोली निवासी गजना महली का पुत्र और हुरहुरी पंचायत की पूर्व मुखिया लीला देवी के पति हैं। उन पर सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का आरोप है। सोमवार को उन्हें जेल भेज दिया जायेगा।

# 7 थानेदार बदल गये, 4 साल बाद भी नहीं हुआ जमीन कारोबारी को गोली मारने का खुलासा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के चंदवें गांव निवासी 35 वर्षीय जमीन कारोबारी ओम प्रकाश साहू पर 29 अगस्त 2019 को दो बाइक सवार युवकों ने गोली चलाई थी। गोली मारे जाने के कारण यह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। इनका मेदांता अस्पताल में इलाज चला था और इलाज के क्रम में चिकित्सकों ने गोली निकाल कर इनको जीवनदान दिया था। इस मामले में थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। 4 वर्ष बाद भी पुलिस ओम प्रकाश साहू के हमलावरों को खोजने में नाकाम रही। इस बीच थाने के सात थानेदार भी बदल दिए गए। इस घटना के अनुसंधानकर्ता स्वयं तत्कालीन थानेदार विनोद राम थे। बताते चलें कि विनोद राम जब तक थानेदार थे। तब तक अनुसंधान करते रहे। लेकिन कांड का उद्भेदन नहीं कर पाए। ना ही हमलावरों को ही खोज पाए। लगभग एक वर्ष के उपरांत विनोद राम का तबादला हो गया। इनके जाने उपरांत मिसिल सोरेन विनय यादव रविशंकर व अन्य थानेदार बने। लेकिन उन्होंने इस कांड में के उद्भेदन में दिलचस्पी नहीं दिखाई। वर्तमान में पिठोरिया के थानेदार अभय कुमार कहा कि इस बारे में मैं आवश्यक छानबीन करूंगा। वही इस घटना में हमले से घायल हुए जमीन कारोबारी ओम प्रकाश साहू का कहना है कि चार वर्ष से पुलिस अनुसंधान ही कर रही है और हमलावरों को आज तक खोज नहीं पाई है। मैं सिर्फ यह जानना चाहता हूं कि किसने दुश्मनी के तहत मेरे ऊपर हमला करवाया था और किसने हमला किया था व मुझे जान से मारने की कोशिश की थी।

## बाइक सवारों ने मारी थी गोली



29 अगस्त 2019 को जमीन कारोबारी अपने एक रिश्तेदार के दशकर्म में शामिल हुए थे। उसके बाद चंदवे में अपना चाहरदिवारी का काम करा रहे मजदूरों से बातचीत उपरांत अपने एक सहयोगी के साथ उन्हीं की मोटरसाइकिल में बैठकर चंदवे स्थित अपने ऑफिस गए थे। शाम लगभग 7 बजे जैसे ही बाइक से उतरे थे। उसी समय अंधेरे का लाभ उठाकर दो बाइक सवारों ने इसे गोली मारी थी।

## एक नजर में

### तमाड़ में झारखंड मुंडा समाज की बैठक



**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के इंटर कॉलेज सलगाडीह तमाड़ में झारखंड मुंडा समाज की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कासमबुरुडीह के ग्राम प्रधान पुर्ण चन्द्र मुंडा ने किया। 8 सितम्बर सें तीन दिवसीय आवासीय पाहान प्रशिक्षण टाटा नगर जमशेदपुर में किया जाएगा। जिसमें झारखंड से विभिन्न जिलों से मुंडा समाज के पाहान प्रशिक्षण हेतु भाग लेंगे। इस प्रशिक्षण को सफल बनाने के लिए झारखंड मुंडा समाज के प्रबुद्ध, बुद्धिजीवी, शिक्षाविद्, प्रोफेसर मुंडारी भाषा विभाग पीपी कालेज बुंडू के लखींद्र मुंडा सालगाडीह इंटर कॉलेज तमाड़ के प्रधानाध्यापक देवानंद मुंडा, झारखंड मुंडा समाज के संरक्षक सहदेव सिंह मुंडा, वरिष्ठ समाजसेवी सिदाम मुंडा, विजय मुंडा, अनिल मुंडा, पूर्व सैनिक, वरिष्ठ समाजसेवी पूर्ण चंद्र मुंडा, दीना शांडिल्य, भूषण मुंडा, उदार कान्त मुंडा, महेश मुंडा, रामधन मुंडा, पांडा मुंडा, लक्ष्मण पाहान आदि उपस्थित थे।

### संकल्प सभा को लेकर जेबीकेएसएस की बैठक




**अनगड़ा।** प्रखंड के डाक बंगला परिसर में जेबीकेएसएस की एक बैठक मुना मुन्डा की अध्यक्षता हुयी । बैठक में आगामी 17 सितम्बर को ईइएफ मैदान टाटी सिलवे में टाईगर जयराम महतो की बदलाव एव संकल्प सभा मे पारम्परिक वेश भूषा में हजारो की संख्या शामिल होने का निर्णय लिया गया । बैठक मे संकल्प सभा के प्रचार प्रसार के लिए आंदोलनकारी छात्र नेता देवेन्द्र नाथ महतो भूतपूर्व कैप्टन जुगेश मुंडा को जिला प्रभारी मार्शल महतो मुन्ना मुंडा बालेश्वर बेदिया सुरेश महतो फलिन्द्र करमाली राकेश महतो चंदन कुमार महतो राजगीर करमाली नरेश महतो नरेश महली जिम्मी महली बसंत करमाली सुनील महली एवं गोपाल महतो को प्रखंड प्रभारी तथा रूपेश महतो और मोतीलाल को मीडिया प्रभारी सहित दर्जनों लोगों को पंचायत प्रभारी बनाया गया। बैठक मे झारखंड आंदोलन कारी लखीन्द्र महतो सुमित कुमार महतो रामपोदो महतो राजेश महतो बीरबल महतो सुधांसु महतो रंजन पिया महली सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे

### सेमिनार को लेकर जागरूकता बैठक



**पिपरवार।** ऑल इंडिया एससी एसटी ओबीसी एंप्लॉई कॉर्डिनेशन काउंसिल की कार्य समिति बैठक और 11 सितंबर के सेमिनार को सफल बनाने के लिए अशोक पीट ऑफिस के वीआईपी सभागार में एक बैठक किया गया। बैठक के माध्यम से कामगारों को उनके हक और अधिकार के बारे में जागरूक किया गया। बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप में कॉन्सिल के उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन उपस्थित हुए। बैठक में पिपरवार एरिया अध्यक्ष रतन लाल सरजु सिंह एसडी रामएसोमर गन्झू धनेश्वर गन्झूएशंभू राम इत्यादी लोग शामिल थे।

# विस्थापित मोर्चा की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



विस्थापित मोर्चा की बैठक में शामिल सदस्यगण।

**खलारी।** एनके एरिया विस्थापित मोर्चा की बैठक रविवार को बिगन सिंह भोगता के आवास में संपन्न हुई। बैठक में मोर्चा के सभी शाखा के पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान विस्थापित मोर्चा के स्थापना दिवस के अलावे सीसीएल प्रबंधन को पूर्व में दिए गए 31 सूत्री मांगों पर चर्चा किया गया। जिसमें जमीन के बदले नौकरीएमुआवजा और पुर्नवासए बेरोजगार ग्रामीण युवकों को निजी कंपनी में रोजगार उपलब्ध करानेएरोड सेल के माध्यम से रोजगार से जोड़नेए रैयतों की भूमि को अतिक्रमणकारियो से मुक्त कराने आदि मुद्दों पर चर्चा किया गया। इस दौरान मोर्चा के अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि डकरा पुल के समीप सीसीएल प्रबंधन द्वारा तुरी समाज के कुलदेवता पूजा स्थल से समाज के प्रतीक झंडा को उखाड़ने व धार्मिक आस्था को ठेस पहुचाने की मोर्चा घोर निंदा करता है। बैठक में विनय खलखो, दामोदर गंझु, जालिम सिंह, रामलखन गंझु, वीरेंद्र यादव, आनंद तुरी, कमलेश तुरी, राजेश तुरी आदि लोग मौजूद थे।

# मुकेश भगत अध्यक्ष और कुंदन यादव बने सचिव

## महादेव टंगरा दुर्गा पूजा समिति का गठन

**रातू।** प्रखंड के बिजुलिया स्थित महादेव टंगरा मंदिर विकास समिति की बैठक अध्यक्ष कुशवाहा शिवचरण मेहता की अध्यक्षता में हुई। इसमें दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। सिमलिया के पूर्व मुखिया मुकेश भगत अध्यक्ष, कुंदन यादव सचिव और शिव प्रजापति कोषाध्यक्ष चुने गये। समिति के अन्य पदधारियों में विकास साहू, प्रेमचंद मुंडा, तन्नु उरांव, जितेंद्र महतो, हेमंत महतो व रवि ठाकुर शामिल हैं। इस दौरान कमेटी के पदधारी उत्साहित दिखे। पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया गया। उन्होंने ग्रामीणों के सहयोग से टंगरा में बड़े ही धूमधाम से दुर्गोत्सव मनाने का निर्णय लिया। बैठक में कामेश्वर महतो, आरएन महतो, रमेशचंद्र महतो, संजीव तिवारी, विक्रम महतो, दिलवंधु महतो, सुलेन्दर महतो, संतोष कुमार, जनक महली, विक्की कुमार, पंचम महतो व गणेश शंकर मिश्र आदि दर्जनों लोग मौजूद थे। संचालन सुरज साहू और धन्यवाद ज्ञापन श्री मेहता ने दिया।

# सिल्ली: रेलवे से जुड़ी समस्याओं को लेकर डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

**सिल्ली।** रेलवे से जुड़ी कई समस्याओं के निदान को लेकर सांसद संजय सेठ की पहल पर भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज के नेतृत्व मेंए बिसरिया पंचायत मुखिया जितनी देवी, पंचायत समिति सदस्य मनोहर महतो एवं युवा कमिटी संघ के तापस महतो ने रविवार को रांची मंडल के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा से रांची में मुलाकात की। ज्ञात हो कि पिछले कुछ महीने पहले ग्रामीणों ने सांसद संजय सेठ को रेलवे से जुड़ी समस्या से अवगत कराया था, जिसके तुरंत बाद ही सांसद ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं चेयरमैन को पत्र लिखा था। कल सांसद क्षेत्र भ्रमण के दौरान सिल्ली पहुंचे थे जहां ग्रामीणों ने पुनः उक्त समस्या से अवगत कराया। उन्होंने अगले दिन ही डीआरएम से मिलाने की बात कही। इसके बाद उन्हें ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में भाजपा नेता विनय महतो धीरज, बिसरिया पंचायत मुखिया जितनी देवी, पंचायत समिति सदस्य मनोहर महतो, युवा कमिटी के सदस्य तापस महतो, आलोक रंजन महतो, रोहित महतो आदि शामिल हैं।

# अंजुमन कमेटी के गठन को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



कंजिया फुटबॉल मैदान मेंहुई बैठक में शामिल लोग।

**मांडर।** प्रखंड के कंजिया फुटबॉल मैदान में रविवार को मजलिसे सुरा द्वारा प्रखंड अंजुमन कमेटी के गठन को लेकर एक बैठक उप प्रमुख अमानत अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में पूरे प्रखंड से अंजुमन के जिम्मेदार और बुद्धिजीवी ग्रामीण उपस्थित हुए और प्रखंड कमेटी के गठन को लेकर विचार विमर्श किया गया। मजबूत कमेटी बनाने के लिए पूरे प्रखंड से आए हुए अंजुमन के लोगों ने एकजुट होकर चुनाव के माध्यम से कमेटी गठन करने का निर्णय लिया गया। जिससे आज जो समाज में कुरीतिया दहेज प्रथा नशा अशिक्षा जैसे समस्याओं से निजात मिल सके। बैठक में मौलाना युसूफ, आलमगीर आलम, जिला परिषद प्रतिनिधि रबुल अंसारी, गफ्फार अंसारी, महजुद्दीन अंसारी, मोहम्मद बासीद, मुस्लिम अंसारी, जमील अख्तर, शमीम अख्तर, जुल्फान अंसारी, अयूब अंसारी, मोहम्मद जमील, मोहम्मद जहीर, कारी मोईन साहब, आफताब अंसारी, तबारक खान, रशीद अंसारी, अली अंसारी मौजूद थे।

# ओरमांझी : आदिवासी लोहरा समाज की समस्याओं को लेकर चर्चा

## विधायक क्लब के समक्ष 10 को सम्मेलन करने का लिया निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



ओरमांझी में बैठक करते लोहरा समाज के लोग।

**ओरमांझी।** प्रखंड के अंचल मैदान में रविवार को आदिवासी लोहरा समाज की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष महेश लोहरा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें लोहरा जाति समुदायी की समस्या पर चिंता जताया गया। साथ ही सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि लोहरा जाति समुदाय का स्थाई समाधान के लिए 10 सितंबर को विधायक क्लब पुराना विधानसभा भवन रांची में समाज का एक सम्मेलन किया जाएगा। वहीं बैठक का संचालन करते हुए सचिव मोहित कुमार कहा सम्मेलन में रांची, गुमला, खूटी, लोहरदगा, सिमडेगा, लातेहार, रामगढ़ सहित झारखंड के सभी जिला के प्रतिनिधि शामिल होगे। बैठक में झारखंड प्रदेश आदिवासी लोहरा समाज के महासचिव प्रीतम सांड लोहरा ने कहा कि जिन्हे अपनी जमीन की बिक्री करना है वह लोहरा जाति से ही व उपायुक्त से अनुमति लेकर ही अपनी जमीन बेचे। साथ ही समाज के लोगों से लोहरा समाज का स्थाई समाधान के लिए सम्मेलन को सफल बनाने का अहवान किया। कहा गया कि हक लेने के लिए आंदोलन की जरूरत पड़ी तो किया जाएगा।

## बैठक में ये लोग थे मौजूद

बैठक से पूर्व लोहरा समाज के जिला अध्यक्ष बैजनाथ लोहरा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रखंड के चकला, बारीडीह, जयडीहा, टुनडाहोली, ईचादग, चुटुपालू, पांचा, कुच्चू व सदमा पंचायत का दौरा कर सम्माज के लोगों को सम्मेलन में आने के लिए कहा गया। बैठक में मुख्य रूप से पनेलाल लोहरा, मुनू लोहरा, सुरेन्द्र लोहरा, संदीप लोहरा, श्याम लोहरा, सूरज लोहरा सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

Before the Executive Magistrate Dhanbad
Affidavit



I, Sunil Kumar Choudhari, S/o Murari Mohan Choudhari, aged about 43 years, by faith-Hindu by occupation-Business, R/o Kalipahari, Nirsa, P.O Maithandam, P.S- Chirkunda (Maithan O.P.), Dist-Dhanbad (Jharkhand) do he reby solemnly affirm on oath and declere as under :
1. That , Prachi kumara is my minor daughter, which is ber actual and correct name which is also mentioned in her Aadhar card No. 6490 9281 6474 and her school record
2. That, in her birth certificate, her name has been mentioned as Nancy Kumari
3. That, Prachi Kumari and Nancy Kumari are the names of same and one identical girl i.e. the name of my said daughter.
4. That, the contents of this affidavir are true, correctand genuine and nothing has been concealed herein.
5. That, I am swearingthis affidavit to file it before the competent authori by for confirmation that actule name of my said daughter is Prachi Kumari for needful purpose.
Executive Magistrate Dhanbad .3168 (30/08/2023)

